

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### जिला प्रशासन का सहयोग कर रहा फ्लैक्स फूडस लिमिटेड

**संवाददाता** देहरादून फ्लैक्स फूडस लिमिटेड द्वारा कोरोना वायरस महामारी के कारण लॉकडाउन की अवधि में जिला प्रशासन को पूर्ण रूप से सहयोग किया जा रहा है और लोगों को आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं। यहां जारी एक बयान में सीनियर वाईस प्रेसीडेंट मदन मोहन वार्ष्णेय ने कहा है कि इन परिस्थितियों में विभिन्न विभाग व मीडिया इस महामारी के दौरान विषम परिस्थितियों में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। जरूरतमंदों के लिए ढाई सौ बैग राशन और चौबीस घंटे एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है।

### काम करने वाली महिलाओं को खाद्य सामग्री वितरित की

**संवाददाता** देहरादून। रामनवमी के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने घरों में काम करने वाली महिलाओं को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने उन सभी से यह भी कहा कि आप सभी प्रशासन द्वारा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गए लॉकडाउन को लेकर दिशा निर्देशों का पालन करें। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि हम आगे भी ऐसी सहायता करते रहेंगे।

### 80 लोगों को घर–घर जाकर कच्चे राशन की सामग्री पहुंचाई

**संवाददाता** देहरादून। थाना पटेलनगर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट के द्वारा पटेल नगर थाना पुलिस के विशेष सहयोग से 80 लोगों को घर–घर जाकर कच्चे राशन सामग्री की मदद पहुँचाई गई। इस अवसर पर फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट रोज जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री घर–घर जाकर दे रहा है। इस अवसर पर फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट के चेयरमैन सोनू फ्रांसिस ने कहा कि खाद्य सामग्री बटवाने में थाना पटेलनगर देहरादून के मनीष चंद, हुकुम सिंह नेगी, पारस रतूड़ी, गोपाल आदि पुलिसकर्मियों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

### पैकेट बनाकर घर–घर राशन पहुंचा रही मीना पासवान व उसके सहयोगी

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते घरों से बाहर नहीं निकल पाने की वजह से लक्खीबाग दरभंगा बस्ती के कई परिवारों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यह परिवार रोज कमाने और खाने पर निर्भर है। यहां इसी बस्ती में रहने वाली करीब 20 साल की मीना पासवान, उसकी बहन मनीषा और गुंजा पासवान और उनके साथियों ने किसी पर निर्भर हुए बिना खुद ही खाद्य सामाग्री घर–घर तक पहुंचाने का जिम्मा उठा लिया वह भी सरकार के सभी निर्देशों को ध्यान में रखा गया।

### ऑनलाइन मीटिंग में केन्द्र व राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसरण की अपील

**संवाददाता** देहरादून। पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को अपने घरों से ऑनलाइन मीटिंग की। देशभर में चल रहे 21 दिनों के लॉकडाउन को लेकर अपील की है कि सभी लोग भारत सरकार और राज्य सरकार की गाइडलाइन का अनुसरण करें, खुद को व अपने परिवार को सुरक्षित रखें और लॉकडाउन के दौरान संयम से रहें। यहां जारी एक बयान में पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष अमित पोखरियाल, उपाध्यक्ष एएन त्रिपाठी, सचिव अनिल सती, कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट, संयुक्त सचिव राकेश डोभाल ने संयुक्त रूप से कहा है कि लोगों को इस मुसीबत की घड़ी में संयम से रहना चाहिए, बाहर निकलना अगर बहुत ही आवश्यक हो तभी निकलें। अपनी साफ–सफाई का ध्यान रखें, समय–समय पर हाथ धोएं, सैनिटाइज करें, बाहर से जब आएं हो सके तो स्नान करें और सोशल मीडिया में उन्हीं जानकारियों और सूचनाओं को साझा करें जो तथ्यात्मक हों ना कि आधी अधूरी नाकारात्मक जानकारियां को फैलायें।

उल्लेखनीय है कि पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के बैनर तले सनराइज एकेडमी, देहरादून, साइबर कालेज एजुकेशनल सोसाइटी, आर्ट आफ लिविंग देहरादून, ईको ग्रुप केवल विहार, देहरादून मददगार लोगों को सामग्री वितरित करके सहायता भी पहुँचा रहे हैं।

# लॉकडाऊन का सख्ती से अनुपालन कराया जाए: सीएम

**वीडियो कांफ्रेंसिग**

- पीएम के साथ मुख्यमंत्रियों की वीडियो कांफ्रेंसिग में सीएम रावत ने प्रतिभाग किया
- मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की
- केंद्र सरकार के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिय

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्रियों की वीडियो कांफ्रेंसिग में प्रतिभाग किया।

वीडियो कांफ्रेंसिग के बाद मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया जाए। कोरोना से जुड़े सभी कार्मिकों की ट्रेनिंग सुनिश्चित हो।

इम्यूनिटी बढाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के बारे में आमजन को बताया जाए। अधिकारी ये भी सुनिश्चित कर लें कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज में घोषित राशि को लेने के लिए लाभार्थियों की बैंकों में एक साथ भीड न लगे।

ओल्ड एज होम और अकेले रह रहे सीनियर सीटीजन का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। दवाओं और मेडिकल उपकरणों से संबंधित फर्मों के काम मे कोई बाधा न आए। एनसीसी, एनएसएस, और अन्य स्वयंसेवकों का जरूरत के हिसाब से उपयोग करने के लिए प्लानिंग कर ली जाए। लॉकडाऊन का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। जो भी दिशा निर्देशों की अवहेलना करें उनके विरूद्ध डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, डीजीपी अनिल कुमार रतूडी, सचिव अमित नेगी, नितेश झा, श्रीमती राधिका झा, पंकज पाण्डे, निदेशक एनएचएम युगल किशोर पंत उपस्थित थे।

# राज्य में वन्यजीव सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट जारी

**चुनौती**

- संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से होगी निगरानी
- शिकारियों और तस्करों की घुसपैठ की आशंका

देहरादून। **संवाददाता**

लॉकडाउन के चलते समूचे राज्य की सीमाएं सील हैं, लेकिन उत्तराखंड के जंगलों में शिकारियों और तस्करों की घुसपैठ की आशंका बनी हुई है। इसे देखते हुए राज्य में वन्यजीव सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सभी संरक्षित क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई है। गश्त तेज करने और वन्यजीव पर्यटन से जुड़ी गतिविधियां में तैनात तैनात कर्मियों को भी इसमें शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगहबानी करने को भी कहा गया है।

लॉकडाउन के चलते आवाजाही कम होने से वन्यजीव सुरक्षा के लिहाज से महकमे की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है। इस दरम्यान जंगलों में शिकारियों और तस्करों की घुसपैठ की आशंका से महकमा सहमा हुआ है। वैसे भी अप्रैल से मानसून आने की अवधि को संवेदनशील वक्त माना जाता है। इस दरम्यान ही मैदानी इलाकों में शिकारियों और तस्करों की घुसपैठ ज्यादा होती है। वहीं उच्च हिमालयी क्षेत्रों में इन दिनों वन्यजीव निचले इलाकों की तरफ आते हैं, जिससे उनके शिकार की संभावना अधिक बढ़ जाती है।

इस सबको देखते हुए वन्यजीव महकमे ने राज्य में हाई अलर्ट जारी करने के साथ ही चौकसी बढ़ा दी है। राज्य के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक राजीव भरतरी के अनुसार सभी छह नेशनल पार्क, सात अभयारण्य और चार कंजर्वेशन रिजर्व प्रशासन को संरक्षित क्षेत्र में सघन गश्त के निर्देश दिए गए हैं। विशेषकर रात्रि गश्त के साथ ही सीमाओं पर विशेष रूप से निगहबानी को कहा गया है।

**पांच से 11 अप्रैल तक रात्रि में विशेष गश्त**

कृष्ण पक्ष ने भी वन्यजीव महकमे की नींद उड़ा दी है। कृष्ण पक्ष में चांद देर से निकलता है और अंधेरे का फायदा उठाकर कोई जंगल में घुस गया तो उसे देखना मुश्किल होगा। कैमरा ट्रैप में भी उसकी तस्वीर कैद नहीं हो पाएगी। इसी के दृष्टिगत मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने संरक्षित क्षेत्रों में पांच से 11 अप्रैल तक रात्रि के वक्त विशेष गश्त के निर्देश जारी किए हैं।

### फेसबुक वाल में की गई टिप्पणी न केवल साम्प्रदायिक बल्कि मूर्खतापूर्ण

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा विधायक महेंद्र भट्ट के द्वारा तब्लीगी जमात प्रकरण की आड़ में एक वर्ग विशेष के विरुद्ध फेस बुक वाल में की गई टिप्पणी को न केवल साम्प्रदायिक बल्कि मूर्खतापूर्ण करार दिया।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक की वाल में लिखी पोस्ट न केवल उनकी साम्प्रदायिक सोच को प्रदर्शित करती है बल्कि भारत के सामाजिक ताने बाने व धार्मिक रीति रिवाजों के संधर्भ में उनकी अज्ञानता को भी प्रदर्शित करती है। धस्माना ने कहा कि एक तरफ तो देश के प्रधानमंत्री कोरोना वायरस को मानव जाति के लिए खतरनाक बता कर सब लोगों से मिलकर कोरोना वायरस को परास्त करने की अपील कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उनकी पार्टी के विधायक व नेता कोरोना वायरस को भी साम्प्रदायिक रंग में रंगने की कोशिशें जी जान से कर रहे हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।